# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 6 अप्रैल, 2015/16 चैत्र, 1937 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 39**

----

### आंगनवाड़ी केन्द्र

*1969 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आंगनवाड़ी केन्द्र हैं; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) ऐसे कितने केन्द्र हैं जिनके पास जगह है परन्तु भवन का निर्माण नहीं हुआ है ?

----

### मुख्य मन्त्री कन्यादान योजना

*1970 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा जिला ऊना में मुख्य मन्त्री कन्यादान योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि का आबंटन किया गया; ब्यौरा दें ?

----

### गृह क्षेत्र में तैनाती

*1971 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में वन मण्डल डलहौजी के अन्तर्गत कितने वन कर्मचारी/अधिकारी अपने गृह

क्षेत्र या साथ लगते क्षेत्र में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं; ब्यौरा नाम, पद व स्थान सहित दें; और

(ख) विभाग की स्थानांतरण नीति (Policy) की प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## आयुर्विज्ञान महाविद्यालय की स्थापना

*1972 **डॉ0 राजीव बिन्दल(नाहन) :**
**श्रीमती आशा कुमारी (डलहौजी) :**
**श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में कितने मैडिकल कॉलेज केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत किए हैं; इन कॉलेजों को बनाने के लिए कितनी-कितनी धनराशि कब-कब प्राप्त हो चुकी है; ब्यौरा दें;

(ख) इन कॉलेजों के लिए क्या भूमि का चयन कर प्रारूप केन्द्र को प्रेषित कर दिया गया है; यदि हां, तो कितनी-कितनी भूमि किस-किस स्थान पर चयनित की गई है; ब्यौरा दें; और

(ग) नाहन में प्रस्तावित मैडिकल कॉलेज के लिए चयनित भूमि कितने टुकडों में बंटी है और उस पर कौन-कौन से भवन बने हैं; ब्यौरा दें ?

----

## स्वां जलागम परियोजना

*1973 **श्री वीरेन्द्र कंवर (कुटलैहड़):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 2013-14 व 2014-15 में जिला ऊना में स्वां जलागम परियोजना के अन्तर्गत विकास कार्य के लिए कितना धन व्यय किया गया; और

(ख) उक्त अवधि में कौन-कौन से कार्य हुए; प्रत्येक कार्य पर कितना-कितना खर्च किया गया; ब्यौरा पंचायतवार दें ?

----

## पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति

*1974 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत किस-किस पेयजल योजना का कार्य चल रहा है और उनकी अनुमानित लागत क्या-क्या है; ब्यौरा योजनावार दें; और

(ख) इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## विकासात्मक कार्य

***1975 श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति) :**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश सरकार अपने स्तर पर कितनी भूमि की Forest Clearance की स्वीकृति विकासात्मक कार्यों हेतु देने के लिए अधिकृत है;

(ख) प्रदेश सरकार की परिधि में कौन-कौन से विकासात्मक कार्य आते हैं; ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि वर्ष 2014 में केन्द्र सरकार ने इसमें संशोधन किया है; यदि हां, तो क्या-क्या अतिरिक्त विकासात्मक कार्य प्रदेश सरकार के अधीन लाए गए;

(घ) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक सरकार द्वारा जिला लाहौल और स्पिति के अन्तर्गत अपने स्तर पर किन-किन विकासात्मक कार्यों को Forest Clearance/ स्वीकृति प्रदान की है और कितने मामले लम्बित हैं; ब्यौरा दें; और

(ङ) सरकार जिला में अन्य विकास कार्यों की Forest Clearance प्राप्त करने के लिए क्या-क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## ट्रॉमा सैन्टर की स्थापना

***1976 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर) :**
**श्री रविन्द्र सिंह (देहरा) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने प्रदेश में ट्रॉमा सैन्टर्ज़ खोलने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर खोलने की प्रस्तावना है; और

(ग) इन सैन्टर्ज़ के लिए कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें ?

----

## सिंचाई योजना/कूहल की अद्यतन स्थिति

*1977 **श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-
(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल शाहपुर के अन्तर्गत बहाव सिंचाई योजना, राज कूहल तथा बड़ी कूहल कब विधायक प्राथमिकता में स्वीकृत हुई;

(ख) इन योजनाओं के टैंडर तथा शिलान्यास कब-कब हुए; और

(ग) उपरोक्त दोनों योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## मल-प्रवाह सुविधा

*1978 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि SDA Complex, विकास नगर के ब्लॉक A-12 की सीवरेज लाईनों को मेन सीवरेज लाइन से नहीं जोड़ा गया है; और

(ख) यदि हां, तो इन लाईनों को कब तक जोड़ दिया जाएगा ?

----

## Filling up of Vacant Posts

*1979 **Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-
(a) presently how many PHCs & CHCs are there in Nurpur Constituency;

(b) what is the sanctioned strength of doctors in these institutions & how many posts are lying vacant; and

(c) by when the Government proposes to fill-up these posts ?

----

## चरागाह की वैकल्पिक व्यवस्था

*1980 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि ग्रेट हिमालयन नैशनल पार्क में सैंज घाटी के अतिरिक्त आऊटर सिराज़ के लोगों को चरागाह के अधिकार हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार क्या इनको सैंजघाटी के लोगों की तर्ज पर मुआवजा या कोई वैकल्पिक चरागाह देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## नाम बदलने की प्रक्रिया

*1981 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नवजात बच्चे का नाम पंजीयक (जन्म एवं मृत्यु) कार्यालय में एक बार लिखवा दिया जाये तो क्या उसके नाम को बदलने की कोई प्रक्रिया है; ब्यौरा दें; और

(ख) यदि हां, तो उर्फ करके नाम बदलने की प्रक्रिया है; सरकार क्या इस प्रक्रिया में बदलाव कर बच्चे के स्कूल जाने से पहले एक बार नाम बिना उर्फ के साथ बदलने का नीतिगत फैसला लेगी ?

----

## मछली पालन हेतु आर्थिक सहायता

*1982 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2014 तक जिला बिलासपुर के अन्तर्गत कितने व्यक्तियों को मछली पालने के लिए टैंक बनाने के लिए कितनी-कितनी आर्थिक सहायता दी गई; ब्यौरा नाम, पते सहित दें ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुहार

*1983 **श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला बिलासपुर के अन्तर्गत PHC Buhar को बिजली का लोड/ कनैक्शन नहीं दिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो यह कब तक दे दिया जायेगा; ब्यौरा विलम्ब के कारणों सहित दें ?

----

## जूस फैक्टरी

*1984 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सरकार क्या इन्दौरा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत जूस फैक्टरी (Processing Plant) लगाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक ?

----

## ओ0बी0सी0 प्रमाण-पत्र

***1985 श्री पवन काजल (कांगड़ा):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग जाति का प्रमाण-पत्र अनुसूचित जाति/जन जाति की तर्ज़ पर एक बार बनाने का विचार रखती है ?

----

## मन्धाला में भूमि का अधिग्रहण

***1986 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में दून विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत मन्धाला मौजा में HIMUDA द्वारा कितनी भूमि अधिग्रहण की गई तथा उस पर कितने मकान निर्मित किए गए; उनमें से कितने बेच दिए हैं व कितने शेष हैं; ब्यौरा दें ?

----

## पटवारियों की रिक्तियां

***1987 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने कानूनगो व पटवार सर्कल हैं तथा किस-किस पटवार सर्कल में कितने Revenue Village सम्मिलित हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें कितने पद पटवारियों के सृजित हैं; कितने रिक्त हैं ?

----

## धनराशि की स्वीकृति

***1988 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में JNNURM के अन्तर्गत शिमला नगर निगम क्षेत्र के लिए सीवरेज एवं पेयजल आपूर्ति की योजनाएं स्वीकृत हुई हैं और क्या सरकार द्वारा इनके लिए धनराशि उपलब्ध करवा दी गई है;

(ख) यदि हां, तो कितनी और इस धनराशि का उपयोग किन-किन योजनाओं पर किया गया; और

(ग) यदि व्यय नहीं किया गया; तो कारण और धनराशि अब कहां जमा है; ब्यौरा दें ?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

*1989 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) वर्तमान में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल अर्की में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) इन्हें कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अम्ब का उन्नयन

*1990 **श्री कुलदीप कुमार (चिन्तपुरनी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, अम्ब का उन्नयन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो अधिसूचना कब जारी की गई; यदि नहीं, तो कब की जाएगी; और

(ग) इसके साथ क्या पदों के सृजन की अधिसूचना भी कर दी जाएगी ?

----

## हैण्डपम्पों की स्थापना

*1991 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने हैण्डपम्प लगाए गए;

(ख) इस अवधि में कितनी DPR बनीं और कितने कार्य प्रारम्भ किये गये; और

(ग) वर्तमान में कितनी पेयजल (Water Supply Schemes) व अन्य योजनाएं तैयार हैं जिन्हें चालू नहीं किया गया है; ब्यौरा दें ?

----

## FRU Nalagarh

*1992 **Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Health & Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) presently what is the beds capacity of FRU Nalagarh; whether it is as per notification;

(b) what is the sanctioned strength of various category i.e. doctors including specialists & paramedical staff; whether it is proportionate to the present OPD; and

(c) at present how many posts of different category are vacant; by when these will be filled up ?

----

## स्वास्थ्य संस्थानों में रिक्तियां

*1993 **श्री बलदेव सिंह तोमर (शिलाई):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शिलाई विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं; और

(ख) इनमें कितने पद विभिन्न श्रेणियों के स्वीकृत हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें ?

----

## औषधालय/अस्पताल की स्थापना

*1994 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा जिला ऊना के अन्तर्गत कितने औषधालय और अस्पताल खोले गये; ब्यौरा दें ?

----

## दवाइयों की दुकानें

*1995 **श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश में सस्ती दवाइयों की दुकानें खोलने का निर्णय लिया है; और

(ख) यदि हां, तो गत दो वर्षों में कितनी सस्ती दवाइयों की दुकानें खोली गई; ब्यौरा जिलाशः दें ?

----

## भवन निर्माण

*1996 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट) ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि रैफरल अस्पताल सरकाघाट में इन्डोर ब्लॉक (भवन) की कमी है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार मरीज़ों की सुविधा के लिए अतिरिक्त इन्डोर ब्लॉक का निर्माण करने का विचार रखती है;

(ग) यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलद्वाड़ा में अतिरिक्त भवन के निर्माण हेतु 40 लाख रूपए की धनराशि स्वीकृत की गई है; और

(घ) यदि हां, तो कार्य प्रारम्भ करने हेतु धनराशि कब तक जारी कर दी जाएगी; ब्यौरा दें ?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाओं की डी0 पी0 आर0

*1997 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि गत दो वर्षों में जोगिन्द्रनगर विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता की कितनी पेयजल व सिंचाई योजनाओं की DPRs तैयार की गई हैं तथा उनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## उच्चतम न्यायालय के निर्णय की अनुपालना

*1998 **श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा एम0पी0डब्लयू0 के 600 पदों के परिणाम समय पर न निकालने बारे माननीय उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय के उपरान्त सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें ?

----

## Phina Singh Medium Irrigation Project

***1999 Shri Ajay Mahajan (Nurpur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the sanctioned staff strength in the Office of the Executive Engineer, Phina Singh Medium Irrigation Project in Division Sadwan under Tehsil Nurpur; and

(b) during this financial year how much amount has been sanctioned for this project; detail of expenditure and reasons for diversion of budget from this project be given ?

----

## सीमेंट के खम्भे

***2000 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2014 तक वन मण्डल बिलासपुर के अन्तर्गत स्वारघाट रेन्ज में कितने सीमेन्ट के खम्भे बनवाए; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) किस-किस ठेकेदार ने कितने -कितने खम्भे किस-किस रेट पर बनाए; ब्यौरा दें ?

----

## खड्डों का तटीयकरण

***2001 श्री रिखी राम कौंडल (झण्डुता):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) गत तीन वर्षों में जिला ऊना के गगरेट क्षेत्र में स्वां नदी तटीयकरण प्रोजैक्ट के अन्तर्गत कितनी खड्डों का तटीयकरण कहां से कहां तक किया गया; ब्यौरा खड्डवार बजट सहित दें;

(ख) इन में से किन-किन खड्डों का कार्य पूर्ण हो चुका है और कितनी का कार्य प्रगति पर है; और

(ग) कितनी खड्डों का तटीयकरण का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया और सरकार कब तक प्रारम्भ करने का विचार रखती है ?

----

## शाहनहर परियोजना

***2002 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) वर्तमान में शाहनहर परियोजना का कितना कार्य शेष है और इसे कब तक पूरा कर लिया जाएगा; और

(ख) सरकार क्या इस परियोजना के मण्डल कार्यालय को टैरिस से बड़ुखर स्थानान्तरित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## टैंक निर्माण

***2003 श्री पवन काजल (कांगड़ा) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत तीन वर्षों में कांगड़ा विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल योजनाओं के कितने टैंक निर्मित हैं; इनमें से कितने टैंकों में पानी स्टोर रहता है और कितनों में पानी की leakage है; ब्यौरा दें; और

(ख) कितनी पेयजल योजनाओं के पाइप बिछाए गए और कितनी में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

***2004 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत दो वर्षों में जिला सोलन के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग की कितनी सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं स्वीकृत की गई;

(ख) कितनी बन चुकी हैं व उन पर कितना व्यय हुआ है; और

(ग) दिनांक 15.2.2015 तक कितनी अधूरी हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें ?

----

## पेयजल के सैम्पल

***2005 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दिनांक 01-01-2014 से 15-02-2015 तक शिमला नगर निगम क्षेत्र में पेयजल के कितने सैम्पल लिए गए; उनकी रिपोर्ट की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) इस दौरान कितने मामले पीलिया रोग के विभिन्न अस्पतालों में आए तथा सरकार द्वारा इस रोग की रोकथाम के लिए क्या-क्या पग उठाए गए; ब्यौरा दें ?

----

## रिक्त पद

***2006 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत तहसील कल्याण अधिकारी का पद कब से रिक्त है; और

(ख) इस पद को जनहित में कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## Channelisation of Nalahs/Khads

***2007 Shri Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the present status of channelisation of Nalahs/Khads & C/o small dams under Nalagarh Assembly Constituency;

(b) what efforts have been made by the department to conduct survey of these projects; details be given; and

(c) by when the DPRs for the above projects will be sponsored to M.O.W.R. (CWC) for its techno-economic approval ?

----

**Shimla : 171004.** **Sunder Singh Verma,**

**Dated: 21st March, 2015.** **Secretary.**